मैं आपकी आज्ञा को शिरोधार्य कर रहा हूं। आप कृपा करके इस चीज को देखें जो अडवाणी जी ने कही है। आज सुबह मेरे पास आदमी आए थे। उन्होंने कहा कि हमारी महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. B. RAJU) : Order please. I do not allow any discussion.

Shri Nawal Kishore

श्री राजनारायण : मैं आपका ध्यान अडवाणी जी की इन बातों की ओर दिला रहा हूं। . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री वी०बी० राजू): आप मेहरबानी करके चेयर की कद्र कीजिए।

श्री राजनारायण: मैं आपकी बिल्कुल कद्र कर रहा हूं। आपकी आज्ञा को शिरोधार्य कर रहा हूं। मैं सिर्फ इतना ही निवेदन करना चाहता हूं। . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. B. RAJU): I am not allowing anybody No discussion.

श्री गुणानन्द ठाकुर: मैं सिर्फ एक मिनट लूंगा आप मुझे इजाजत दीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. B. RAJU): Please bear in mind I have allowed Mr. Advani to raise the point and nothing more.

(*Interruptions*)

श्री राजनारायण: जो यूथ कांग्रेस बनाई गयी है वह लेबर को तंग करने के लिए बनाई गई है। मेरा आपसे निवेदन है कि आप सरकार को कहें कि वह उनकी हिफाजत करें। क्योंकि अगर रेल मजदूरों की औरतों की हिफाजत नहीं होगी तो हमारे राष्ट्र की हिफाजत नहीं होगी।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. B. RAJU): No, please. First obey the Chair. I am not going to allow it Shri Nawal Kishore.

---

1. THE UNION DUTIES OF EXCISE (DISTRIBUTION) AMENDMENT BILL, 1974.

2. THE ADDITIONAL DUTIES OF EXCISE (GOODS OF SPECIAL IMPORTANCE) AMENDMENT BILL, 1974.

3. THE ESTATE DUTY (DISTRIBUTION) AMENDMENT BILL, 1974— *contd.*

श्री नवल किशोर (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जो तीन विधेयक वित्त मंत्री जी ने पेश किए इनका दायरा बहुत सीमित है। इनका सबंध केवल यहां तक है कि छठे वित्त कमिशन ने जो सिफारिशें की हैं कि एक्साइज ड्यूटी से, एस्टेट ड्यूटी से या एडीशनल एक्साइज ड्यूटी से जो धन इकट्ठा होता है उसका बटवारा विभिन्न राज्यों के बीच कैसे हो। इसलिए मान्यवर मैं कोशिश करूंगा कि अपने आपको वहीं तक सीमित रखूं और टैक्सेशन की पालिसी में नहीं जाऊं।

मैंने यह देखा है कि तीसरे फाइनेंस कमिशन से लगातार 3,4,5,6 तक कि उनकी एक सी सिफारिश है कि एक्साइज ड्यूटी से जो पैसा इकट्ठा होता है उसका 20 परसैन्ट स्टेट को दिया जाए। मैं यह जानना चाहता हूं कि जब यह एक बात तय हो गयी तो क्यों हर पांच साल के बाद फाइनेंस कमिशन बैठाया जाए और उसको इस बात की तकलीफ दी जाए कि वह हर बार उसी बात की रिपोर्ट करे। क्या यह मुमकिन नहीं है कि एक दफा जो परसन्ट फिक्स हो जाए, 20,25,30 परसैन्ट उसी के हिसाब से जो पैसा निकलता है वह स्टेट में बांट दिया जाए। मैं यह नहीं समझ पाया कि 20 परसैन्ट की सैन्टिटी क्या है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जो धन बांटा जाता है स्टेट में उसका सारा अधिकार सेन्ट्रल गवर्नमेंट के हाथ में है। जब फैडरल स्ट्रक्चर बना था उस वक्त यह तय हुआ था कि जो स्टेट आटानामि है उसको महफूज रखा जाएगा। स्टेट और सेन्टर के सबंध करीब-करीब बराबरी के होंगे, कुछ विषयों को छोड़कर, जिसमें केवल केन्द्र को अधिकार होगा कि वह उसके बारे में निर्णय ले, उसके सबंध में कानून बनाए। मैं यह देखता हूं कि अहिस्ता-अहिस्ता स्टेट गवर्नमेंट बिल्कुल आश्रित होती जा रही है केन्द्र के ऊपर और केन्द्र इस बात को तय करता है कि उनका काम काज कैसे चलाए, उनकी अर्थ-व्यवस्था किस प्रकार चलाए।

[श्री नवल किशोर]

मुझे याद है मैंने अखबारों में पढ़ा कि जब उड़ीसा में चुनाव चल रहे थे या होने वाले थे तो कुछ नेताओं ने, जिनका नाम मैं नहीं लेना चाहता, इस प्रकार के भाषण दिए कि अमुक पार्टी को वोट देने से केन्द्र से सहायता अधिक मिलेगी। मैं जानना चाहूंगा कि वह सही है या गलत। लेकिन अगर सही है तो एक बड़ा बुनियादी सवाल सामने खड़ा होता है कि केन्द्रीय सरकार के हाथ में एक ऐसी शक्ति हो गई जिससे वह वोटर्स को अपनी तरफ मूव कर सकता है और जो डेमोक्रेटिक सैट-अप है उसके साथ खिलवाड़ कर सकता है। उत्तर प्रदेश में, मैं नहीं कहता कि कोई गलत बात हुई या नहीं हुई। इत्तफाक से जितने प्रोजेक्ट्स थे उन सब को कोल्ड स्टोरेज में रखा गया और चुनाव के टाइम में ही उन सबका फाउन्डेशन स्टोन रखा गया। मैं केवल ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि यह जो एक आर्थिक शक्ति केन्द्र के हाथ में है यह अहिस्ता अहिस्ता प्राविशल आटानामी को इरोड करती जा रही है, उसको कमजोर करती जा रही है और यही वजह है कि आज तामिलनाडु के मुख्य मंत्री ने ग्रेटर प्राविशल आटानामी की बात उठाई है हालांकि मैं उससे इत्तिफाक नहीं करता हूं। वे जिस बात को चलाना चाहते है उससे मैं सहमत नहीं हूं। लेकिन मजबूरन इस तरह की मांग उठेगी अगर इसी तरह कोई न कोई अंकुश या आर्थिक नियन्त्रण ज्यों ज्यों आपकी तरफ से बढ़ता जाएगा और ज्यों ज्यों काफी चीजों में आपकी मदाखलत बढ़ती जाएगी। श्रीमन्, इस कमीशन ने कुछ अच्छी बातें भी कही है। एक तो उन्होंने वही कह दिया जैसा मैंने कहा 20 परसेंट पर तो कोई चेंज नहीं। एक बात उन्होंने जरूर कही :

"The Commission had, however, recommended that the auxiliary duties of excise introduced from 1973-74 which were not shareable with the States at present should also be shared with the States as in the case of basic Union Excise Duties from 1976-77."

मैं वित्त मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि आग्जीलरी एक्साइज ड्यूटीज है उनमें और एक्साइज ड्यूटीज में क्या फर्क है ? क्या केवल नामिनक्लेचर का फर्क है ? यह आपने बताया नहीं है। एक्साइज ड्यूटी होती तो स्टेटस को खुद व खुद हक हो जाता और वे अपना शेयर मांगतीं। लेकिन नामेनक्लेचर बदल कर आपने उनको शेयर से वंचित किया। अब आपने अहसान दिखा दिया कि कमीशन की रिकमण्डेशन है, आपको कुछ हिस्सा दे दिया जाएगा।

आपका एस्टीमेट है, 900 करोड़ रु० से अधिक 1974 से 1979 तक का है इन फाइव ईयर्स में स्टेटस को बांटने का और साथ ही साथ यह पैसा बढ़ेगा, घटेगा नहीं। क्योंकि हर साल और एडिशनल टैक्सेज बजट के साथ आएंगे जैसा कि इस साल 212 करोड़ रु० टैक्सेज के आ गए। मगर जिस रफ्तार से पैसे की कीमत घट रही है और जिस रफ्तार से कीमतें बढ़ रही है हर चीज की, उसको अगर ध्यान में रखा जाए तो जो पैसा आप आगे देंगे भी या देना होगा उसको अगर हम आने वाली कीमतों के हिसाब से जोड़ें तो मुझे शक है कि जब आज रुपये कि कीमत 30.8 परसेंट हो गई है तो यह जो सहायता है यह काफी नहीं होगी। आज एक बहुत बड़ा सवाल है स्टेट्स के सामने कि उनके यहां डेफिशिट होता है। आपने यह नियम बनाया था कि हम ओवरड्राफ्ट को रोकेंगे और कोशिश करेंगे कि ओवरड्राफ्ट न हो। केरल में एक स्थिति पैदा हुई कि उनके चेक्स को रिजर्व बैंक ने इन्कार कर दिया कि कैश नहीं करेंगे और इससे वहां पर हलचल पैदा हुई। मिस्टर कुरियन ने भी केरल स्टेट की बात यहां उठाई। तो दिक्कत यह है कि एक तरफ तो डेफिशिट करने की आपको छूट है, आप जितना चाहें डेफिशिट करते जाइए, आपको कोई चेक् करने वाला है नहीं लेकिन आपकी हर नीति का असर पड़ता है स्टेट्स पर। एक जमाने में मांग है कि स्टेट के इम्प्लाईज की तनख्वाह और सेन्टर के इम्प्लाईयीज की तनख्वाह में कोई पैरिटी होनी चाहिए। आज उसी बात को लेकर यह मांग है—हमारे जो रेलवेज के इम्प्लायीज है उनकी मांग है कि हमारी तनख्वाह में और पब्लिक अंडरटेकिंग की तनख्वाह में पैरिटी होनी चाहिए। मैं श्रीमन् एक बात समझ नहीं पाया कि अगर लखनऊ में एक दफ्तर स्टेट गवर्नमेंट का है वहां चपरासी की एक तनख्वाह है और अगर वहीं सेन्ट्रल गवर्नमेंट का दफ्तर है तो वहां के चपरासी की दूसरी तनख्वाह है। मैं यह बात मान सकता हूं कि दिल्ली का स्टैंडर्ड कुछ ऊंचा हो, बम्बई का स्टैंडर्ड कुछ ऊंचा हो, कलकत्ता का स्टैंडर्ड कुछ ऊंचा हो, मगर एक ही शहर में एक ही जाब के लिए 2 तनख्वाह हों, यह बात मुनासिब नहीं है। आपने

पे कमीशन की रिकमंडेशंस मान ली और कल आपका फेडरेशन आफ गवर्नमेंट इम्प्लायीज एण्ड वर्कर्स जो है, उसके भी लोग हड़ताल में चले गए। कई सौ करोड़ रु० का बोझ सेन्ट्रल एक्सचेकर के ऊपर पे कमीशन की सिफारिश लागू करने के बाद पड़ चुका है और चव्हाण साहब ने कहा है कि 61 करोड़ रु० हमने रिकरिंग और 25 करोड़ रु० नान रिकरिंग पे कमीशन की रिकमंडेशन के अलावा दिया है, अन्य बेनिफिट्स के अंदर। नतीजा क्या होना है? इसका इफेक्ट पड़ता है स्टेट्स के ऊपर वहां के इम्प्लायीज कहते है आपने सेन्ट्रल गवर्नमेंट वालों का इतना बढ़ा दिया, हमारी भी बढ़ा दीजिए। श्रीमन् जब एडमिनिस्ट्रेटिव एक्सपेंडिचर बढ़ता जाता है तो स्टेट के अंदर डेफिशिट भी बढ़ता जाता है और डेवलपमेंट बढ़ता जाता है तो एस्टेट के अंदर डेफिशिट भी बढ़ता जाता है और डेवलमेंट की गुंजाइश नहीं रहती। तो जब डेवलमेंट की गुंजाइश नहीं रहती तो फिर स्टेट बेकवर्ड होती चली जा रही है। मैं आज से नहीं बल्कि बहुत दिनों से इस विचार का हूं कि मान लीजिए यहां पर फैडरल स्ट्रक्चर की गवर्नमेंट नहीं होती, यूनिटरी टाइप की गवर्नमेंट होती, तो सारे हिन्दुस्तान के कर्मचारियों की जिम्मेदारी सेन्ट्रल गवर्नमेंट के ऊपर होती। लेकिन आजकल हालत यह है कि डेवलमेंट के सारे काम स्टेटों में होते है मगर पैसा सारा केन्द्र के हाथ में रहता है। इसलिए एक बात सोचने की है कि जब यहां पर सेन्टर में तनख्वाह बढ़ती है तो उसका असर स्टेटों में भी पड़ता है और इस जिम्मेदारी को सेन्टर को अपने ऊपर लेना चाहिए क्योंकि डेवलमेंट के जितने भी काम है, वे आप देखेंगे कि स्टेटों के हाथों पर है। तो सेन्ट्रल गवर्नमेंट एक माने में केवल सुपरवाइजरी गवर्नमेंट है।

श्रीमन्, हम यह देखते है कि देहली के अन्दर आजकल 12-14-20 मंजिले ईमारतें बन रही है और बनती ही चली जा रही है। यहां पर बिल्डिंग बहुत बनती है। हमारे श्री ओम् मेहता हाउसिंग मिनिस्ट्री के मिनिस्टर है। जब यहां पर इस तरह की बिल्डिंगें बनती है तो स्टेटों में भी इस तरह का कम्पीटिशन होता है। इस तरह से यहां पर एक तरफ तो सरकारी फाइनेंस से अट्टालिकाएं बनाई जा रही है। दूसरी तरफ स्टेट्स में आर्थिक कठिनाइयां बढ़ती जा रही हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि इससे रीजनल इम्बेलेंसेज हो जाता है। मैं समझता हूं कि फाइनेंस कमिशन का यह भी काम है कि जो क्षेत्रीय असंतुलन है, जो डिस्पैरिटी है, उसको दूर करने की कोशिश की जाय। उन्होंने कुछ जबानी हमदर्दी की तो है। उन्होंने यह कहा है कि जो एक्साइज ड्यूटी है, उसका जो पैसा आयेगा, उनमें से 75 प्रतिशत आबादी के हिसाब से और 25 प्रतिशत बैकवर्डनेस के हिसाब से दिया जायेगा।

श्रीमन्, मै उत्तर प्रदेश से आता हूं। उत्तर प्रदेश के बारे में कहा जाता है कि वह भारत का हृदय हैं। श्रीमन्, बड़ी बड़ी मीठी बाते हम से की जाती है। हमें बड़े मुगालते में रखा जाता है। हमें इस बात की खुशी है कि जब से हिन्दुस्तान आजाद हुआ, तब से हिन्दुस्तान के लिए प्रधान मंत्री हमने ही दिया है। मगर जब हम अपने यहां की हालत देखते है तो दुख होता है। मुझे इस बात की अच्छी तरह से याद है कि पिछले उत्तर प्रदेश से बहुत मिनिस्टर यहां पर हुआ करते थे। जब मैं मिनिस्टर था तो मैं दिल्ली आया था और मैंने यहां शिकायत की कि यू० पी० को सेन्ट्रल प्रोजेक्ट क्यों नहीं दिया जाता है? एक, दो प्लान बीत गये है, मै यहां पर किसी का नाम नहीं लेना चाहता हूं, वे साउथ के थे, तो उन्होंने कहा कि या तो प्रोजेक्ट ले लो या फिर मिनिस्टर ले लो। (Interruption) इस तरह से एक, दो, तीन प्लान खत्म हो गये।

श्री एन० जी० गोरे. प्राइम मिनिस्टर साहब ने तो बहुत सी चीजों का उद्घाटन पिछली दफा किया था।

श्री नवल किशोर. हर चीज का उद्घाटन होता है और उसका अन्त भी होता है। ये उद्घाटन हो गये और उनका वहीं काम भी खत्म हो गया क्योंकि उद्घाटन का एक परपज था और वह परपज अब खत्म हो गया। श्रीमन्, जो बात मै कह रहा था वह मै ईस्टर्न यू० पी० के संबन्ध में कहना चाहता हूं। उसकी हालत बिहार से भी खराब है। वहां कुछ इलाके ऐसे है जिनकी हालत कतई अच्छी नहीं है। श्रीमन्, आपको यह बात सुनकर ताज्जुब होगा कि आजादी के 27 साल बाद भी पहाड़ो में कुछ इलाके ऐसे है जहां माताओं और बहिनों को पानी लेने के लिए चार या पांच मील जाना पड़ता है। मिर्जापुर के अन्दर पानी नहीं है। हमारे मंत्री जी के फादर का घर इलाहाबाद में

[श्री नवल किशोर]

है वही मेजा का क्षेत्र है, यह एक तहसील है और वहा पर आज भी पानी की तकलीफ है, मिर्जापुर मे भी यही स्थिति है। तो मै यह कहना चाहता हू कि आज ऐसी ही स्थिति के कारण पहाड में मायूसी की वजह से इस बात की मांग की जा रही है कि हमारा एक अलग से राज्य बनाया जाय। श्रीमान्, आजकल राज्य बनाने का बडा भारी शोर है। मै इसके कत्तई खिलाफ हू कि राज्य बांटे जायें जब, श्रीमान् आपके राज्य के बटवारे की बात आई तो मै उसके भी खिलाफ था। यह ठीक है कि अगर यह बात चलती रही और असतुलन बढता गया तो लोग मायूस होकर कहेंगे कि हमको बांट दो, अलग स्टेट बना दो। मै नही समझ पाता हू कि असेंबली के डिस्साल्व करने से कीमतो के घटने का क्या वास्ता है, लेकिन आदमी मायूसी मे कहता है कि असेम्बली को डिसाल्व कर दो, मिनिस्टर इस्तीफा दे और अब यह भी कहते है कि लोक सभा को भग कर दो। मै यह कहना चाहता हू कि जो इम्बैलैसेज है उनको आपको दूर करना पड़ेगा। कमीशन ने सिफारिश की है 75 परसेंट पापुलेशन की। मै इससे इत्तिफाक करता हू और इसलिए इत्तिफाक करता हू कि इस प्रिसिपल की आज से नही जब डा० सम्पूर्णानन्द 54 मे मुख्य मंत्री थे तब से माग की जाती रही है कि पापुलेशन बहुत बडा आधार होना चाहिए केन्द्रीय सहायता के लिए।

इसके साथ साथ एक बात और। जो आपका दूसरा विधेयक है उसमे 56 में स्टेट्स ने वालंटरिली जो उनका कास्टीट्यूशनल अधिकार था कुछ चीजो पर सर्टैक्स लगाने का जैसे शुगर, टुबैको, टैक्सटाइल पर, वह आपको दे दिया। अब मुझको मालूम हुआ है कि कुछ स्टेट्स, जिनमे उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, वैस्ट बंगाल आदि है, यह चाहती है कि वह अधिकार उनको वापस दे दिया जाय। कमीशन का कहना यह है कि जो आय स्टेट्स को सर्टैक्स से होती इस बटवारे मे उससे कम नही होगी। मेरा कहना यह है कि अगर यह बात सही है, तो आप क्यो खामखाह तकलीफ उठा रहे है, उनकी चीज उनको वापिस कर दीजिए, ज्यादा आमदनी हो तो उनकी, कम हो तो उनकी। मेरे दोस्त रणवीर सिह हाथ हिला रहे है। हमारे देश मे ऐसे लोग भी है जो जिस शाख पर बैठे है उसी को काटना शुरू कर देते है। मै आपकी स्टेट की भी अच्छाई की बात कह रहा हू।

तीसरी बात यह है कि 838 करोड़ रुपया दिया गया है Upgradation of Standards of administration and social services in the backward States. आइडिया बहुत अच्छा है और मै इसका स्वागत करता हू। गवर्नमेंट ने तय किया था कि हम कैपिट-लिस्ट्स को कुछ रियायतें देंगे ताकि वे बैकवर्ड एरियाज मे जाकर अपने कारखाने खोले। मुझे पता नही -- आप, श्रीमान, आकडे वाले आदमी है, आपको आकडे ज्यादा याद रहते हैं--कितने कारखाने बैकवर्ड एरियाज मे खोले गए है। मै चाहता हू कि राज्य का जो बैकवर्ड इलाका है उसको इससे फायदा पहुचे। अभी हमारे दोस्त जोशी ने कहा कि ऐसा न हो कि जो ऊचा तबका है उसको फायदा पहुच जाय और गरीब को फायदा न पहुंचे। मुझे बड़ी तकलीफ है कि बावजूद बीस साल के नियोजन के सरकार को यह कहना पड़ा कि अमीर अमीर होता जाता है और गरीब गरीब होता जाता है। देहात में हमने बहुत पैसा खर्च किया, लेकिन किन काश्तकारो को फायदा हुआ ? फायदा उनको हुआ जो बड़े-बड़े जबरदस्त किसान थे जैसे चौधरी रणबीर सिह।

श्री रणवीर सिंह : मै तो आपका मुजारा हूं।

श्री नवल किशोर : ऐसे लोगो को फायदा हुआ, लेकिन जो छोटे किसान थे उनको फायदा नही हुआ। मै यह भी चाहता हूं कि जब सेन्ट्रल गवर्नमैंट 838 करोड रुपया दे तो यह भी देखे कि यह पैसा सही माने मे उन स्टेट्स का जो पिछडा हुआ क्षेत्र है उस पर खर्च हो (time bell rings) कमीशन ने यह भी कहा कि ऐसा मैकेनिज्म ईवाल्व होना चाहिए कि जो पैसा हम देते है वह पैसा उसी के ऊपर खर्च होगा।

आपने डेट रिलीफ के लिए कुछ पैसा दिया है। जहां तक पैसा देने की बात है मै उसे बहुत अच्छा मानता हू, लेकिन देखने की बात यह है कि कौन सा मैकेनिज्म निकाला है आपने जिस के आधार पर हम यह कह सके कि पैसे का इस्तेमाल सही होगा। दो बाते कह कर मै खत्म करता हू।

प्लान एक्सपेंडीचर और नान-प्लान एक्सपेंडीचर के लिए अलोकेशन आप करते है। मैं यह भी चाहता हू कि स्टेट्स की क्या रिसोर्सेज है, क्या उनकी प्राबलम्स

है, इन सबको भी देखना चाहिए और बेहतर हो कि प्लानिंग कमीशन और फाइनेंस कमीशन ये दोनों का आपस में एक ज्वाइंट कमल्टेशन हो। मंत्री महोदय ने कहा कि मिस्टर मिन्हास जो प्लानिंग कमीशन के मैम्बर थे वह फाइनेंस कमीशन के भी मैम्बर थे। वह तो एक कामन आदमी हो गये। मगर दोनों कमीशनों के बीच में क्या लायेजा है, वह बात मुझे साफ नहीं हुई।

आखरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि अकसर ड्यूटीज में इरोजन होता है और पैसा वसूल नहीं होता है और जितना पैसा कम वसूल होगा उतनी ही स्टेटस की रिसोर्सेज कम होंगी। मैं यह भी चाहूंगा कि मंत्री महोदय इस बात की तरफ देखें कि ड्यूटीज ठीक तरह से वसूल हों क्योंकि उसके अन्दर जो भ्रष्टाचार होता है उससे मोटे मोटे लोगों से पैसा वसूल नहीं होता है।

श्रीमान, इन्हीं शब्दों के साथ, जहां तक ये तीन विधेयक है, उनका मैं समर्थन करता हूं। शायद आप यह बात जानते ही है कि जो विधेयक उप मंत्री महोदया पेश करती है उनका मैं समर्थन कर ही देता हूं। धन्यवाद।

श्री रणधीर सिंह (हरियाणा) : उप-सभापति जी, मैं सघीय उत्पादन शुल्क (वितरण) संशोधन विधेयक, 1974, अतिरिक्त उत्पादन शुल्क (विशेष महत्व की वस्तुएं) संशोधन विधेयक, 1974 तथा सम्पदा शुल्क (वितरण) संशोधन विधेयक, 1974 का समर्थन करता हूं।

जहां मैं इन विधेयकों का समर्थन करता हूं वहां यह मानता हूं कि हमारे छठे वित्त आयोग की सिफारिशों को अमल में लाने के लिए ये विधेयक लाये गये। मुझे खुशी है और आप भी जानते हैं कि जो हमारे वित्त आयोग के सभापति रहे—ऐसे दो सदस्य इस सदन के है—श्री महावीर त्यागी और श्री ब्रह्मानन्द रेड्डी साहब। मुझे यह भी खुशी है कि वह पहले मुख्य मंत्री हैं उनको वित्त आयोग का सभापति बनाया गया और इसीलिए उनकी सिफारिशें पहले के मुकाबले में कुछ अच्छी है।

आप जानते हैं कि जब हमारे देश के अन्दर संविधान बना तो कर लगाने की शक्ति का भी बटवारा हुआ। केन्द्र को कर लगाने की जो शक्ति मिली और प्रदेशों को कर लगाने की जो शक्ति मिली उनमें थोड़ा सा फर्क रहा। केन्द्र को जो कर लगाने की शक्ति मिली वह ऐसी चीजों पर कर लगाने की शक्तियां थी जिनसे आय आसानी से बढ़ सकती थी और जो प्रदेशों को शक्ति मिली वह ऐसे हिस्सों पर कर लगाने की शक्ति मिली जिनकी आमदनी आसानी से बढ़ नहीं सकती। इसीलिए 1950-51 तथा 1972-73 के आंकड़े अगर देखे जाये तो प्रदेशों की भी करों की आमदनी बढ़ी वह नौ गुनी बढ़ी 1950-51 में और केन्द्र की करों की जो आमदनी बढ़ी वह 11 गुनी बढ़ी इसके साथ साथ जहां खर्च का सबध है, आप जानते हैं कि देश के आम आदमी के लिए जो खर्च करने की जिम्मेदारी है वह प्रदेशों के हिस्से में आई चाहे शिक्षा हो, चाहे गावों में पानी का इंतजाम हो, नहरों का इंतजाम हो, चाहे उनकी स्वास्थ्य सेवा का इंतजाम हो। देश की आजादी के बाद लोगों की सुख शांति के लिए जितने काम करने थे उन सब पर खर्च करने की जिम्मेदारी प्रदेशों की आई। जहां केन्द्रीय सरकार को कर लगाने की शक्ति प्रदेशों के मुकाबले में ज्यादा है उस के साथ साथ केन्द्रीय सरकार के पास रिजर्व बैंक भी है, जो रुपया छापता है और जहां से रुपया बनता है और बैंकस भी है। तो रुपये के मामले में ज्यादा अख्तियार केन्द्र के पास है और करों की आमदनी भी ज्यादा केन्द्र के पास है। मैं उन सदस्यों में से नहीं हूं कि जो केन्द्र को कमजोर करना चाहते है। मैं मानता हूं कि आर्थिक तौर पर भी और शक्ति के तौर पर भी अगर देश का केन्द्र मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा, लेकिन प्रदेशों की तरक्की के लिए आज जो जरूरत है वह केन्द्र को पूरी करनी चाहिए और इसीलिए आर्थिक नीति में जो लचीलापन करने की आवश्यकता है वह उसे करनी चाहिए। आप जानते हैं कि रेड्डी साहब के वित्त आयोग ने एक और सिफारिश की है कि 1967 करोड़ रुपया जो इन पांच साल में प्रदेशों को कर्ज देना लाजमी था, उन के फैसले के मुताबिक उस कर्ज को आगे इन पांच सालों में प्रदेशों से न लिया जाये। उन्होंने यह सिफारिश भी की है और सरकार ने उसे कबूल भी किया है, लेकिन खास तौर पर वित्त मंत्रालय को जिस बात पर सोचना चाहिए वह यह है कि यह प्रदेश की सरकारें क्यों अपना कर्जा अदा नहीं कर सकी? क्यों नहीं अपना ब्याज अदा कर सकी। आज हालत यह है कि हिन्दुस्तान के जो बहुत सारे बिजली बोर्ड है विभिन्न प्रदेशों में वह अपने कर्ज का ब्याज भी नहीं दे पा रहे है।

[श्री रणबीर सिंह]

कोई साढ़े तीन सौ करोड़ रुपया उन को ब्याज अदा करना हैं। जो कर्ज दिया गया है उन को आप उनसे वापस नहीं ले सकते और उस की अदायगी की जिम्मेदारी प्रदेशीय सरकारों की है। उस का नतीजा साफ है। यही बात नहरों की है। नहरों पर जो रुपया खर्च हुआ वह प्रदेश की सरकारों को खर्च करना पड़ता है और उस में डेढ़ सौ करोड़ के करीब उन को एक साल में घाटा पड़ता है। वह इन पर टैक्स बढ़ा सकते है या नहीं, बिजली बोर्ड अपनी आमदनी बढ़ा सकते है या नहीं, यह भी सोचने की बात है, एक विषय है, लेकिन उस के साथ साथ हमे यह भी सोचना होगा कि आखिर जो नहरें बनी वह तो देश की है, देश की दौलत हैं, वह देश के लिए अनाज पैदा कराती है, जो बिजली बोर्ड है वह देश के लिए बिजली पैदा करते है और देश के अंदर बिजली होगी तो देश के कारखानों की आमदनी बढ़ेगी और वह अपने पैरों पर खड़े हो सकेंगे। तो इस लायक हम उन को कर रहे है या नहीं कर रहे है यह हम को सोचना है। उपसभाध्यक्ष जी, भाखड़ा डैम पर पहली योजना के पहले काम शुरू हुआ था और उस पर कर्ज और ब्याज जो था, ढाई और पौने तीन परसेंट पर उस का ब्याज था, वह पंजाब और हरियाणा ने अदा किया, कर्ज को भी और ब्याज को भी, लेकिन अब आप देखें कि राजस्थान है उसकी नहर के लिए ढाई सौ करोड़ रुपया दिया जा चुका है, न वह उस का ब्याज अदा कर सकेंगे और न ही वह उस कर्ज को वापस कर सकेंगे हम अपने खाते में लिखते रहें कि उस को अदा किया जायेगा और वह उस को टालते रहे यह कोई अच्छी नीति नहीं है। नीति हम को ठीक तौर पर जहां बदलने की आवश्यकता है, बदलनी चाहिये। मैं आप से निवेदन कर रहा था कि आज जरूरत इस बात की है कि देश के अन्दर सब से ज्यादा दो चीजों की जरूरत होती है आगे बढ़ने के लिए—एक बिजली की पैदावार यानी बिजली को पैदा करने की क्षमता बढ़े, दूसरे देश के अन्दर अनाज बढ़े और दोनों का संबध बिजली और सिंचाई से है। बिजली और सिंचाई के लिए हम किस सूद पर कर्जा देते है और किस को? किसी साहूकार को नहीं, किसी कारखानेदार को नहीं, कर्जा देते हैं सरकार को। मैं उपसभाध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि अगर देश में हम बिजली बढ़ाना चाहते है जैसा कि पांचवी पंचवर्षीय योजना के अन्दर हमारा लक्ष्य है 165 मिलियन यूनिट्स की क्षमता और बढ़े और हम यह चाहते है कि इस मे हम कामयाब हों तो हमें अपनी नीति मे तब्दीली लानी होगी। हम कारपोरेशन बनायें हर प्रदेश के अन्दर, बिजली पैदा करने के लिए, और उन को सस्ते ब्याज पर कर्जा दिया जाए। मैं मानता हूं कि जैसे अमरीका एक देश है, अमरीका के अन्दर नहर पर जो पैसा लगाया जाता है उस का ब्याज नहीं लिया जाता, लेकिन हमारा देश कृषिप्रधान देश है। यहां उस पर ब्याज लिया जाता है 5, 6 परसेंट और नतीजा यह हो रहा है कि अनाज महंगा हो गया है।

श्री श्यामलाल यादव. मान्यवर, एक बात बताइये कि आखिर यह बात किस को कह रहे है कि ज्यादा ब्याज लेते है।

श्री ओम् मेहता. कांग्रेस से ही कह रहे है।

श्री रणबीर सिंह माननीय सदस्य अच्छी तरह जानते है, इन्हें भी मिनिस्टर बनने का मौका मिला है और मुझे भी मिला है।

उपसभाध्यक्ष (श्री बी० बी० राजू): कौन कामयाब रहा ?

श्री रणबीर सिंह: कामयाब तो मैं ही रहा।

दूसरी बात यह है कि प्रजातंत्र की प्रणाली में, समदीय प्रणाली मे कोई तरीका बदलने के लिए किसी सरकार के लिए आसान नहीं होता उसे एक वायुमंडल तैयार करना होता है। मैं उन से प्रार्थना करूंगा कि अगर वह मेरे साथ सहमत हैं तो इस वायुमंडल को बदलने की कोशिश करें। अगर माननीय सदस्य मानते है कि यह बात सही है तो उन को भी इस बात का स्वागत करना चाहिए। सरकार वही करेगी जो पार्लियामेंट करेगी। पार्लियामेंट के ज्यादा सदस्य जिस तरफ कहेंगे उस तरफ सरकार को चलना होगा।

मैं निवेदन कर रहा था कि अमरीका के अन्दर नहरों के ऊपर जो सरमाया लगाया जाता है उसका ब्याज नहीं लिया जाता और यहां हालत यह है कि 5-6 परसैंट ब्याज लिया जाता है। इस तरह से बिजली का बोर्ड पांचवी योजना के अन्त तक एक हजार करोड़ रुपये तक ब्याज अदा नहीं कर सकेगा वह और जितना

सरमाया अभी तक लगा हुआ है वह सब इकट्ठा हो जायेगा इस पाचवी योजना के अंत तक। इसके लिए बहुत जरूरी है कि इसके ऊपर गम्भीरता से विचार किया जाए और गम्भीरता से विचार करके आर्थिक नीति मे तबदीली की जाए।

जहां तक नहरों और बिजली का सबध है उसमें या तो ब्याज न लिया जाए और अगर लिया जाए तो मामूली ब्याज लिया जाए। दूसरे जो कर्ज देते है वह कर्ज वापस भी न लिया जाए। क्योंकि कर्ज का रुपया जो है वह ठीक तरह से खर्च हुआ है। भिलाई के कारखाने की जो हमारी कैपिटल है उसको हम वापस न ले और दूसरे सरकारी कारखानों मे जो सरमाया लगता है उसको भी वापस न ले। नहरो मे बिजली पैदा करने के लिए जो सरमाया लगाया जाता है उसको भी वापस लेने की न सोचें। अगर वह सोचते हैं तो सही नहीं है।

श्रीमती सुशीला रोहतगी: अभी एक प्रश्न इन्होंने किया है कि कर्ज जो दिया जाए उसको वापस न लिया जाए। मै यह पूछ रही थी कि जो कर्ज दिया गया है अगर वापस नहीं लिया जाएगा तो वह कर्ज कहलाएगा या नही ?

श्री रणबीर सिंह उपसभाध्यक्ष जी, मुझे बड़ी खुशी हुई कि जिस तरफ मैं आना चाहता था उस तरफ मेरा ध्यान दिलाया। आप जानती है, आज हिन्दुस्तान के अदर हमारा रिजर्व बैंक नोट छापता है और रुपया, सेक्योरिटी, गिल्ट ...

उपसभाध्यक्ष (श्री बी० बी० राजू): आपका टाइम हो रहा है। बहुत बड़े पाइन्ट पर मत जाइये।

श्री श्यामलाल यादव: अब कोई सेक्योरिटी नही है।

श्री रणबीर सिंह: चूंकि वित्त मंत्री महोदया ने एक प्रश्न उठाया, मुझे जबाव देने का मौका देना चाहिए। मैं निवेदन कर रहा हूं कि रिजर्व बैंक नोट छापे, जो हमारी तरक्की के काम होते हैं उस सेक्योरिटी पर नोट छापे--- इतना कर्ज देना है, इतना लेना है, इसकी जो वर्किंग एक्सपेंसेज है वह लोंगो से या प्रदेशो से लिया जाए, डेप्रिसिएशन भी आ सकता है, ब्याज भी आ सकता है, दूसरे वर्किंग एक्सपेंसेज भी आ सकते हैं। तो मै निवेदन कर रहा था कि हमारे रिजर्व बैंक के अन्दर की नीति भी बदलनी चाहिए और हम समाजवाद लाना चाहते है, फिक्र रहती है नोट ज्यादा छप गए, कम छप गये, हमको तो सबको काम देना है। मै समझ सकता हूं कि जो आदमी व्हाइट कालर है उनको कम करे, जो पैदा नही करते। वह पैसा कम खर्च किया जाये। लेकिन जो देश के लिए सड़क बनाए, देश के लिए नहरे बनाये, देश की तरक्की के लिए और काम करे और चूंकि बेकारी है, उन सब को काम देना चाहिए---वह सरकार की जिम्मेदारी है, तो मै जहा इस विधेयक का समर्थन करता हू इसके साथ साथ मैं थोड़ा सा आपको बताना चाहता हूं। मैं 2 मिनट लेना चाहता हू ....

उपसभाध्यक्ष (श्री बी० बी० राजू) बस आखरी पाईन्ट बोल दीजिए।

श्री रणबीर सिंह: अभी मेरे साथी ने जिक्र किया जूट ग्रोअर्स को बहुत तकलीफ है, और जो कई प्रदेश है---कोई चाय पैदा करता है, कोई काफी पैदा करता है, कोई पटसन पैदा करता है, कुछ अनाज पैदा करते है, और जो प्रदेश अनाज पैदा करते है जो प्रदेश आज देश को अनाज खिलाते है---पैजाब है, हरियाणा है, वैस्टर्न यू० पी० है, आपका आन्ध्र प्रदेश है और दूसरे प्रदेश है---वे अपनी आमदनी नही बढ़ाते। मैने देखा कास्टीट्यूशन का जो आर्टिकल 286(3) है अभी सेल टैक्स पर कोई पाबदी नही है। हम अनाज के ऊपर टैक्स बढ़ाना चाहते थे ताकि भाकडा डैम का कर्ज अदा कर सकें लेकिन हमको सलाह दी जाती है केन्द्रीय वित्त मत्रालय से कि तुम सेल्स टैक्स नही बढ़ा सकते हो। यह बताया जाता है कि आर्टिकल 286(3) के अन्दर केन्द्रीय सरकार के पास शक्ति है कि वह कोई नया कानून बना कर प्रदेश की सरकारो पर पाबंदी लगा सकती है। लेकिन अभी उस आर्टिकल के अन्दर पाबंदी नही लग सकते। तो मै कहूंगा इसके साथ यह भी समझना जरुरी है---जैसा कि अभी बताया---राज कमेटी है, विशेषज्ञ है उन्होंने सिफारिशें की हैं। हर साल 3,000 करोड़ रु० निर्यात कर है, एक्सपोर्ट ड्यूटीज हैं---या निर्यात कर या आयात कर। जो भाई माग करते हैं देश के किसानो के उपर टैक्स बहुत कम लगा हुआ है उनके सोचने वाली बात है। उनको यह सोचना पड़ेगा कि निर्यात

[श्री रणबीर सिंह

कर चाहे वह काफी का हो, चाहे टी का हो, चाहे पटसन का हो इसका निर्यात कर जितना कम किया जाएगा उतना ही किसान के पास ज्यादा पैसा होगा। दूसरी मानी में वह किसान का पैसा है, किसान का अपरोक्ष टैक्स इन्डाइरेक्ट टैक्स है। तो यह भी समझना चाहिए (*Time-bell rings*) वित्त मन्त्रालय को कि यह जो कहनी है कि किसान के ऊपर टैक्स कम है यह सही नही है। जो हमारी कर नीति है उसके नतीजे के तौर पर हिन्दुस्तान के किसान के ऊपर जो टैक्स लगता है वह कम नही है।

श्री जगदीर सिंह (उत्तर प्रदेश) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे सामने तीन बिल्स है जिन्हे मन्त्री महोदय ने पेश किया।

"The Union Duties of Excise (Distribution) Amendment, Bill, 1974; The Additional Duties of Excise (Goods of Special Importance) Amendment Bill, 1974 and The Estate Duty (Distribution) Amendment Bill, 1974."

इन तीनो बिलो को पेश करते हुए हमारे मन्त्री जी ने कहा था छठी फाइनेंस कमीशन की रिपोर्ट के बाद उन्होंने इन बिलो के द्वारा धन का बंटवारा किया है। इससे यह मालूम होता है कि कितना धन स्टेट में रहेगा और कितना धन सेन्टर में रहेगा। साथ ही साथ मन्त्री महोदय ने यह भी बतलाया था कि वह तमाम सिफारिशें जो फाइनेंस कमीशन ने की है उन्हे सरकार पूरा करने मे असमर्थ रही है। मुझे इस बात का ज्ञान नही है कि सरकार उन्हे पूरा करना चाहती है या नही।

उपाध्यक्ष महोदय जहां तक इन बिलो को देखने से अन्दाजा होता है उससे एक बात साफ जाहिर है कि इस बार पापुलेशन बेस पर धन का बंटवारा किया है और साथ ही साथ कुछ पैसा बढा भी दिया है पहिले के मुकाबले में जो स्टेटों को दिया जाता था। यह एक अच्छी चीज है जो देखने को मिलती है। लेकिन आज प्रश्न यह है कि जो धन राज्यों को दिया जाता है उस पैसे का उपयोग किस प्रकार से होता है और किस प्रकार से होना चाहिये हमारी समस्या तो यह है कि क्या सरकार का ध्यान इस बात की ओर है या नही? अभी श्री नवल किशोर जी ने कहा था कि इन बिल्स का लिमिटेड स्कोप है लेकिन मै यह कहना चाहता हू कि इसकी वाइड शक्ति है। आज तमाम देश की समस्या जो है वह इन पैसो के जरिये से सुधारी जा सकती है और या फिर जो आप टैक्स लगाते है उनके जरिये से जो पैसा मिलता है उसके द्वारा हम कुछ कर सकते है। लेकिन मेरे विचार मे आज फाइनेंस कमीशन और प्लानिंग कमीशन के बीच मे कोआर्डिनेशन नही है। आज फाइनेंस कमीशन और प्लानिंग कमीशन के बीच मे कोई तालमेल नही है। प्लानिंग कमीशन जिस किस्म की प्लानिंग करता है उनके लिए पैसे देने की जिम्मेदारी फाइनेंस कमीशन की है या नही? क्या फाइनेंस कमीशन इस बारे मे स्वय बतलायेगा या फिर प्लानिंग कमीशन फाइनेंस कमीशन से पूछेगा कि वह कितना पैसा दे सकता है। इस वक्त किस किस्म की प्लानिंग हो रही है यह बात किस को मालूम नही है?

उप-सभाध्यक्ष महोदय, मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि आज यह बात किसी से छिपी नही है कि हमारे देश की हालत रोजाना खराब होती चली जा रही है। आज बेरोजगारी हमारे देश में चरमसीमा पर पहुंच गई है। कीमते इतनी बढ चुकी है कि एक आर्डिनरी आदमी के लिए बरदाश्त करना असम्भव है। इतना ही नही आज हर आदमी को खाने के लिये अपना जीवन निर्वाह करना मुश्किल हो गया है। आज हमारे देश मे 70 प्रतिशत बच्चे माल-न्यूट्रेशन की वजह से अन्धे हो जाते है और लाखों इस कमी की वजह से मर जाते है। आखिर इसका कारण क्या है? इसका सीधा सीधा कारण यह है कि हमारी जो पालिसियां है वे डिफेक्टिव हैं हमारी पालिसियों के अन्दर कमी है। दरअसल आज जिन लोगों के हाथ में बागडोर है उनका हिन्दुस्तान के देहातों से कोई संबंध नही है जब कि देहातो के अन्दर हिन्दुस्तान रहता है। महात्मा गांधी ने एक बार कहा था "India lives in the villages and

not in the cities" उपाध्यक्ष महोदय, मै आपके द्वारा सरकार से जानना चहता हूं कि क्या यह सही नही है कि हमारे देश के अन्दर जितनी भी नीतियां और प्लान बनाये जा रहे है उसके द्वारा शहर और गाव के बीच डिसक्रिमिनेशन किया जा रहा है। क्या गाव वालो ने इन पाच प्लानो के अन्दर उतना ही नफा उठाया है जितना शहर वालो ने उठाया है ? मेरा निश्चित मत है, नही। शहर में रहने वाले लोगो ने ज्यादा नफा उठाया है बनिस्बत गाव मे रहने वालो के जो झोपड़ी मे रहते है। उपाध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से जानना चाहता हू कि क्या यह सही नही है कि एग्रीकल्चर के ऊपर बहुत कम पैसा खर्च किया गया जो हमारी बैकबोन है। अगर आप फिफ्थ प्लान को देखे तो इसमें 13 प्रतिशत पैसा खर्च होगा एग्रीकल्चर के ऊपर, 7 प्रतिशत खर्च होगा इरिगेशन के ऊपर और 24 प्रतिशत खर्च होगा इडस्ट्रीज के ऊपर। कारण क्या है ? जैसा मैने कहा हमारे सोचने के तरीके मे अन्तर है सोचने का तरीका डिफेक्टिव है, हमारी पोलिसीज के अन्दर डिफेक्ट है। हमारे देश के अन्दर जो प्लानर्स है उनका विचार है कि इस देश की गरीबी, इस देश की मंहगाई और बेरोजगारी को देश का इडस्ट्रियलाइजेशन करके समाप्त कर सकते है। मेरा विचार यह नही है। मै समझता हूं कि हम हैवी इडस्ट्रीज को लेकर इस देश की गरीबी को सैकड़ों वर्षों तक नही मिटा पाएंगे। इस देश की गरीबी को मिटाने की कुंजी एक ही हो सकती है और वह यह है कि हम कृषि को बढ़ावा दे, कृषि की पैदावार बढ़ायें और अपनी पोलिसी ऐसी बनाये जिससे खेती की पैदावार बढे।

साथ ही साथ स्माल-स्केल इडस्ट्रीज हमारा उद्देश्य होना चाहिए। स्माल-स्केल इंडस्ट्रीज को हमें बढ़ावा देना चाहिए। लेकिन हालत क्या है। मै हैवी इडस्ट्रीज के विरोध में नही हू। मैं यह नही कहता कि हैवी इडस्ट्रीज नहीं होनी चाहिए। मेरा कहना यह है कि जिन चीजों को हम छोटे पैमाने पर पैदा कर सकते हैं उन चीजो में हैवी इंडस्ट्रीज नही होनी चाहिए। मुझे तकलीफ नही होगी अगर आज गांव-गांव में करघे चलने लगे और हम सूती कपड़ा मिलों को बन्द कर दें। मुझे तकलीफ नही होगी अगर आज शुगर मिलो को बन्द कर दे और छोटे पैमाने पर शुगर का बनाना शुरू कर दें। उससे अनएम्प्लायमेंट खत्म होगा, देश की गरीबी भी दूर होगी और हमारी पोलिसीज मे परिवर्तन आएगा। मै समझता हू कि जो गाव के रहने वाले है उनक भी इससे बहुत कुछ सुधार होगा।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा बहुत पुराना मत रहा है और आज भी है कि हमारी जितनी गवर्नमेंट रही है सेन्टर मे या प्रदेशों मे, उन्होने अन्तर किया है गांव के रहने वालों मे और शहर के रहने वालो के बीच। आज आकड़े बतलाते है कि गाव मे रहने वाले के मुकाबले शहर के अन्दर रहने वाले की आय साढ़े तीन गुना है। लेकिन आय साढ़े तीन गुना होते हुए भी जितनी पोलिसीज होगी, जितनी नीतियां होगी उनमें शहर वाले को प्राथमिकता दी जायेगी बनिस्बत गांव में रहने वाले के। मिसाल के तौर पर मैं बिजली की बात लेता हूं। क्या यह आवश्यक है कि इस देश के अन्दर दिल्ली में और लखनऊ मे रोज बिजली मिले और गांव वालो को सिचाई के लिए और थ्रैशिंग के लिए भी बिजली न दी जाय तीन-तीन दिन तक मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं, विद आल दी इम्फोरमेशन एट माइ डिस्पोजल कि आज हमारे प्रदेश के अन्दर गांवो में तीन-तीन, चार-चार दिन तक बिजली नही दी जाती ट्यूब वेल्स को और थ्रशिंग के लिए। क्या करेगा किसान ? कहा इन्सेन्टिव है किसान को अधिक पैदा करने के लिये ? जब इन्सेन्टिव नही होगा तब आप क्या अधिक पैदावार लेगें ? आपके आंकड़े कहते हैं कि इस वर्ष 103 मिलियन टन अन्न पैदा होगा। 10 वर्ष पहले भी आपका यही आंकड़ा था और वही आज भी है कोई बढोत्तरी नही है। आपकी पैदावार वही होगी जो 10 वर्ष पहले थी जबकि आज यू हैव मोर माउथस टु फीड। यह देश की हालत हो रही है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हू कि सरकार इन समस्याओ की ओर ध्यान दे तथा गांव के प्रति और किसान के प्रति जो उसकी सौतेली-मां-की-नीति है, उसको छोड़े।

इस बात की बड़ी चर्चा है कि किसान बड़ा अमीर हो गया है किसान की उपज के भाव बहुत हो गए, उसका गेंहूं बहुत दाम पर बाजार में बिकता है। मै जानना चाहता

[श्री रणबीर सिंह]

हूं अपने इन दोस्तों से कि हमारे पास कितना सरप्लस है, कितना सरप्लस देगा हरियाणा, कितना सरप्लस देगा वैस्ट यू० पी० ? हमारे पास खाने के लिए न हो तो आप भाव 300 रुपए से ऊपर भी कर देंगे तो हम नहीं देंगे । हम कहते हैं कि आपने हमें पानी दिया होता, आपने हमें फर्टिलाइजर दिया होता ठीक कीमत पर, आपने बिजली का इन्तजाम किया होता तो गल्ला मन्दा ले लिया होता, लेकिन अब तो पैदावार ही नहीं है । फिर भी आपके दिमाग में यह है कि किसान बड़े मालदार हो गये हैं, किसान के ऊपर टैक्स होना चाहिए, किसान के ऊपर टैक्स कम हैं । मैं कई बातें कहना चाहता हूं कि आज किसान की जो हालत है वह कई तरीके से नापी जा सकती है । आज हम देखते हैं कि किसान जब बाजार में जाता है तो वह अपनी चीजों को बेच दिया करता है होलसेल में और जब चीजें खरीदता है तो वह रिटेल में खरीदता है । आपने कभी देखा नहीं होगा कि वह होलसेल में कपड़ा खरीद लाया हो । अगर आप कंपैरिजन करें किसान की आवश्यक वस्तुओं की रिटेल प्राइस का और जो उस का सरप्लस है उसकी होलसेल प्राइस का तो आपको मालूम होगा कि किसान की जरूरियात की रिटेल प्राइस ज्यादा बड़ी है बनिस्बत किसान की होलसेल प्राइस के जो वह बाजार में बेचता है । जब तक हमारे दिमाग से यह बात नहीं निकलेगी कि गांव में रहने वाला मालदार हो गया है तब तक इस देश की प्रगति नहीं होगी ।

इतना ही नहीं, एक नीति नहीं, हजारों नीतियां आप देख लीजिए । मैंने बिजली की बात कही । मैं साफ साफ उन गरीब मजदूरों की बात कहता हूं जिनके लिये हमारे दोस्त कहते हैं अगर उनका कोई हितैषी है तो केवल कांग्रेस है अथवा कोई नहीं यह दावा है इनका । लेकिन करते क्या है उनके लिए आप सुन लीजिए । एक तरफ इनकी नीति है कि राशन की दुकानें खोलें । वह राशन की दुकानें हमारे देश में खोली गई हैं तो किसके लिए ? जिनकी आमदनी 300-400 रुपये या उससे अधिक है, जो शहर में रहते हैं उन लोगों के लिए । गावों में रहने वालों मजदूरों के लिए जिसकी आय सौ रुपये और 50 रुपये से कम हो उनके लिए नहीं । क्या यही है इनका समाजवाद ? किधर ले जायेंगे देश को ? गरीब को गरीब और अमीर को अमीर बनाते चले जायेंगे । हमारी सरकार जो बैठी हुई है कुर्सी पर यह है इसका समाजवाद ।

मैं इन शब्दों के साथ एक बार फिर मंत्री जी से आपके माध्यम से प्रार्थना करता हूं कि वह अपनी पालिसीज पर ध्यान दें, प्लानर्स से यह बात कहें कि इस प्रदेश का भला तभी हो सकता है जब ऐसी पालिसी हो जिससे खेत की पैदावार बढ़े, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज बढ़े जब ये चीजें बढ़ेंगी तब हम देश की पैदावार बढ़ा सकेंगे । तभी हमारे देश की तरक्की हो सकेगी और भविष्य उज्ज्वल ।

SHRI JAGAN NATH BHARDWAJ (Himachal Pradesh) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I welcome all the three Bills that are under discussion because to me it looks that they are a step towards meeting the long outstanding demands of the people in the backward States. The difficulty with backward States is not only their backwardness and poverty but other things also which are there. For example, I may give the illustration of my State, Himachal Pradesh. You know that in addition to the problem of its backwardness, there are problems which nature has created for it. If you have to construct a road in Himachal Pradesh, it will cost ten to twelve times more than it costs in the plains. Now, if people living in different corners of the country are to be given some relief in this age of socialism and democracy, it is very essential that more and more expenditure has to be incurred for their sake. Similar is the problem in Jammu & Kashmir and similar is the problem in Nagaland. So, I would say that Government has been good enough to move these Bills and at least concede that in the matter of distribution of auxiliary taxes. The basis will not only be population but the backwardness of the State also. In this connection, I would suggest that besides the backwardness of the State concerned another factor which should be taken into consideration is the natural position of the State. For example some gentlemen were saying that there are small States and they have so many problems. These are not at all problems. These States are working

3 P.M. as defenders of the country; they are at the borders. They are keeping life alive over there; otherwise all these areas will become no man's land and who will protect the country in that event ? Therefore it is highly essential that this difficulty of these States at the borders, particularly the hilly States, may be kept in view and not only 25 per cent be distributed on the basis of backwardness but another 25 per cent may be distributed on the basis of natural circumstances, the position of the State and hilly areas. I am not against other States but there is this additional difficulty here. In the States in the plains also there are difficulties but here in the hilly areas the difficulties are more. For example, Himachal Pradesh has more area than Haryana but its population is 35 lakhs whereas the population of Haryana is about a crore. So I am not against Haryana or any other State ; I am merely putting my case just for the sake of illustration. Because of these reasons it is very essential that the density of the population, that is, the percentage of density of population should be given great consideration in the matter of distribution of funds for backwardness. My second demand is that the position of the State should be another criterion for the distribution of the proceeds of these taxes, if not of all the taxes. I would urge upon the Government to keep this demand in view that another 25 per cent should be distributed on the basis of the State's natural position and the remaining 50 per cent may be as usual distributed on the basis of population.

I have not taken much time so I would like to refer to one more thing. There was a controversy about rural areas and cities. I think it is not a very good thing to have such controversies because there was a time when all of us, almost all of us, were people of the villages. When we become leaders and when we come to occupy high positions in the party then our first concern becomes to have a house in the city. When we shift to the cities like that, then why do we talk about the villages ? (*Interruptions*). When people become leaders their first concern is to shift to the city and have some arrangement for building houses there.

SHRI JAGBIR SINGH : They cease to be leaders then.

SHRI JAGAN NATH BHARDWAJ : They forget the villages though they talk about the villages on the floor of the House.

SHRI RANBIR SINGH : They may be living in the cities but they are the advocates of the villages.

SHRI JAGAN NATH BHARDWAJ : They will only go on talking about villages. Why do they talk about them when they themselves have forgotten them ? This question can never be satisfactorily solved and will never be satisfactorily solved.

With these words I support the Bills.

SHRI VISWANATHA MENON (Kerala) : Sir, the hon. Minister, while introducing these Bills, stated that the recommendations were based on the recommendations of the Sixth Finance Commission and they have all been accepted by the Government. The Bills are based on the recommendations. My first comment is the recommendations and the Bills are disappointing. Before going into the allocations to various States I want to deal with the allocation made to the States pool. Now, all the States in India are in a difficult position. When taxes and excise duties and other revenues are being collected by the Centre and the distribution is done in such a meagre way, naturally the position of the States would be more difficult. The Centre-States relationship has become a big problem all over India. We claim that our Constitution is based on federal principles, but practically a unitary form of government is functioning here and for every small thing the States have to depend on the Centre. In this connection I want to draw your attention to the fact that a week before even the cheques issued by States like Kerala, Karnataka and Andhra were dishonoured and our Finance Ministers had

[Shri Viswanatha Menon]

to rush to Delhi for help. This position must be changed.

We expected many things from the Sixth Finance Commission. My State Government, *i.e.*, Kerala, and various political parties have demanded more contribution to the States' Pool. At least 75 per cent of the taxes and duties must be given to the States' pool. Then that must be distributed to the weaker sections among the States. As in the case of the Fifth Finance Commission or the Fourth Finance Commission, the same thing has happened, ignoring the needs of the State. The Commission has come out with such data which are really making us disappointed. In this connection I want to draw your attention and through you the Minister's attention to the position of Kerala. I want to read a particular portion from my States Government's publication. It says :

"Kerala with a geographical area of 38,855 sq. km. *i.e.*, 1.3 per cent of the total area of the country has a population of 21.35 million which is about 4 per cent of the country's population. The population density in the State is thus very high, being 548 which is more than three times the all India average. The percentage of rural population is 83.72 in the State as compared with the all India average of 80.12.

Out of the State's total geographical area, nearlly 27 per cent is under forest. About 56 per cent would represent the area available for cultivation. The per capita availability of cultivable area in the States is only 0.11 hectare as compared with the all India average of 0.29 hectare. While about 70 per cent of the total cropped area in the country is under foodgrains, the corresponding figure for Kerala is only 30 per cent and the major food crop of the State is paddy. Since the area under foodgrains is small, the State is compelled to import more than 45 per cent of its food requirements. More than 50 per cent of the total cultivable area is devoted to the cultivation of commercial crops such as coconut, arecanut, rubber, tea, coffee, cardamom, pepper etc. The State contributes about Rs. 150 crores annually towards the country's foreign exchange earnings.

The per capita income of the State is less than the all India average. In 1968-69, the State's per capita income (at current prices) stood at Rs. 526 as against the corresponding national average of Rs. 555.

The major component of State's income, 58 per cent, is accounted for by the agricultural sector, and it is 7 per cent higher than the corresponding national average of 51 per cent."

Sir, I am quoting this to state the facts and to consider the backwardness of my State. In these allocations, in all spheres, it is all below 4 per cent. Without developing our State industrially, what is the use of criticising that we are going everywhere for job. Wherever you go in India or to even Dubai or Kuwait or Paris or Italy, you will see the Malayalees working there.

SHRI U. K. LAKSHMANA GOWDA : You are a major export.

SHRI VISWANATHA MENON : Why are we working there ? It is not because we are enamoured of going there but because we are not getting any job in our place. The major problem of the State is unemployment. How to solve it ? The only way to solve it is by industrialising that State. To the Central Government we are giving a lot of foreign exchange, to the tune of Rs. 150 crores, to the Central pool. But the Central Government is acting in a step-motherly way towards Kerala. And the position of Kerala is going down day by day. If we go to Bombay for job, the Shiv Sena will come and beat us. If we go to Bihar, we get reports that there also we are beaten. If we go to Tamil Nadu, even there we are beaten. What can we do ? Sir, the basic point is that the Central Government is to visualise even now about the so-called national integration.

SHRI G. LAKSHMANAN (Tamil Nadu) : The word 'beaten' may not be used.

SHRI VISWANATHA MENON : We were beaten at Arkonam ; I have got reports like that.

If you cannot stop it, if it is being continued, what is the use of talking about national integration and all that ? . Are we responsible for that ? If the Government of India and the hon. Minister ask us to cut down all the commercial crops that are earning foreign exchange to this country and to go in for paddy cultivation then we will get food. Is it wise to do that ? Without considering the problems of Kerala, without considering our burning problem of unemployment the culculated neglect is continuing towards Kerala. We have been given some hopes. We were expecting some consideration. But it was not shown to us.

